भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2554
14 दिसंबर, 2021 को उत्तरार्थ

विषयः सहकारिता को प्रोत्साहित करना
2554. श्री एस. मुनिस्वामी:
क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आम आदमी के जीवन में बदलाव लाने वाली सहकारी समितियों की पहचान करने और उन्हें प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो या इस दिशा में कोई प्रयास किया जाएगा, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) से (ग) देश में एक समृद्ध सहकारी विरासत और एक मजबूत सहकारी क्षेत्र है, जिसका राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में और साथ ही विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में, उत्पादकता को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। उदाहरण के लिए, कुछ प्रमुख क्षेत्रों में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में सहकारी समितियों का प्रतिशत हिस्सा इस प्रकार रहा है:

उर्वरक उत्पादन: 28.80%
चीनी उत्पादन: 30.60%
तरल दूध विपणन: 84.17%
गेहूं खरीद: 13.3%
धान खरीद: 20.4%

(स्रोत: भारतीय सहकारी आंदोलन - एक सांख्यिकी प्रोफाइल, 2018 - एनसीयूआई)

पुन:, सरकार ने देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए एक अलग प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत ढांचा प्रदान करने के लिए एक नया सहकारिता मंत्रालय बनाया है । इसका उद्देश्य सहकारी समितियों को जमीनी स्तर तक पहुंचने वाले एक सच्चे जन-आधारित आंदोलन के रूप में गहन करना और सहकारिता आधारित ऐसा अर्थव्यवस्था मॉडल विकसित करना है जहां प्रत्येक सदस्य उत्तरदायित्व की भावना के साथ काम करे।

****